## एक नजर में

### वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान मान्धाता में चलाया



जिलाध्यक्ष उत्तमपाल ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

**खंडवा।** वोट चोर गद्दी छोड़ राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत 9 अक्टूबर गुरुवार को मांधाता क्षेत्र में की गई ।अभियान को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उत्तमपालसिंह पुरनी की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय पुनासा पर बैठक का आयोजन किया गया ।जिसमें मांधाता क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि जिला अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए गए ।बैठक में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश पंवार,कांग्रेस नेता असलम जिन्द्रान,संतोष जमरे,जितेन्द्र सिंह तोमर, कादर मलिक,रामसिंग पटेल,प्रेमलाल कलम,ग्यानू भंवरला,मनोज खर्जे,राजू अंजनिया,तुलसीराम साद,चिमन मिस्त्री,नवीन यादव,मंगल उईके,हिरालाल धामखेडा,महेश सांवनेर सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।

### म.प्र. ऊर्जा सचिव से भोपाल में कर्मचारी जनता यूनियन की हुई मीटिंग




**मून्दी।** म.प्र.पावर जनरेंटिग कर्मचारी जनता यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल वल्लभ भवन भोपाल मे उर्जा सचिव विशेष गढपाले से मिलकर उनके उर्जा सचिव के पद पर पदस्थ होने पर उनका गुलदस्ता तथा शुभकामना पत्र देकर उनका सम्मान किया। उनके द्वारा यूनियन प्रतिनिधियों का सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए यूनियन के द्वारा उनके समक्ष कंपनीयो मे चल रहे एक पद पर दो प्रकार के वेतनमान के मुद्दे को प्रमुखता से विस्तार पूर्वक रखा। सचिव महोदय के द्वारा इस विषय को गंभीरतापूर्वक लेते हुए इसे व्यक्तिगत रूप से अध्ययन कर शीघ्र समाधान का आश्वासन देते हुए प्रतिनिधियो को आग्रह किया कि आप कभी भी भोपाल आकर या उनके जबलपुर के आगमन पर उनसे मिल कर अपनी समस्याओ पर चर्चा कर सकते है। इस प्रतिनिधिमंडल मे के एल चंदेल महासचिव,बी के श्रीवास्तव प्रांतीय कोषाध्यक्ष, जबलपुर राहूल सेन अध्यक्ष बरगी नगर,अशोक रौतेल उपाध्यक्ष बिरसिंहपुर तथा दीपक राठौर अध्यक्ष एवं मुकेश माल्या सचिव श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगालिया उपस्थित रहे। अंत मे के एल चंदेल महासचिव ने समय प्रदान करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

### सायबर कैफे संचालकों को करना होगा प्रतिबंधात्मक आदेशों का पालन

**खण्डवा ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋषव गुप्ता ने जिले में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है। जारी आदेश के अनुसार सायबर अपराधों की घटनाओं को रोकने के लिए सायबर कैफे में सीसीटीवी केमरे लगाना अनिवार्य होगा, जिसकी कम से कम एक महीने तक रिकार्डिंग सुरक्षित रखना होगी। इसकी जिम्मेदारी सायबर कैफे संचालक की होगी। सायबर कैफे में कार्यरत कर्मचारियों की पूरी जानकारी परिचय पत्र व फोटो सहित निकटतम पुलिस थाने में जमा कराना होगी। सायबर कैफे मालिक को अपने वैध लायसेंस की प्रति थाने में जमा करानी होगी तथा एक प्रति अपने सायबर कैफे में मुख्य स्थान पर प्रदर्शित करना होगी। सायबर कैफे मालिक को अपने सभी कम्प्यूटर सिस्टम पर पोर्न साइट फिल्टर अनिवार्य रूप से लगाना होगा। सायबर कैफे में कम्प्यूटर उपयोग करने वाले व्यक्तियों की जानकारी रजिस्टर में दर्ज की जायेगी, तथा बिना आईडी प्रूफ के कम्प्यूटर संचालन की अनुमति किसी भी व्यक्ति को नहीं दी जायेगी। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरूद्ध धारा 223 के तहत कार्यवाही की जायेगी ।यह आदेश आगामी 5 दिसम्बर तक प्रभावी रहेंगे।

### डस्टबिन का वितरण किया



**मून्दी।** नगर परिषद मूंदी जिला खंडवा द्वारा अध्यक्ष ज्योतिबाला चंद्रमोहन राठौर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय जैन के निर्देशानुसार अनूठी पहल कर सम्मानित करदाताओं को स्वच्छता अभियान अंतर्गत जागरूक करने की दृष्टि से डस्टबिन का वितरण किया गया । इन डस्टबीनो का वितरण प्रत्येक कर दाताओ को चालू वर्ष का कर जमा कराने पर किया गया जिससे कि राजस्व की वसूली भी हो सके । सभी करदाताओं ने नगर परिषद की इस नवाचार पर सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ सहयोग किया।

### मद्य निषेध सप्ताह के तहत नशा मुक्ति की शपथ दिलाई

**खंडवा ।** गांधी जयंती 2 अक्टूबर से शासन के निर्देशानुसार मद्य निषेध सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में खंडवा विकासखंड के ग्राम जसवाड़ी, रामनगर, सिंगोट आदि की आंगनबाड़ियों में नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई । इस अवसर पर संबंधित गांव की सेक्टर सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थिति थीं।

## बाथरूम की दीवार में छेद कर 6 बाल अपचारी फरार




नवभारत न्यूज

**खंडवा।** बाल संप्रेषण गृह से 6 बच्चों के भागने का बड़ा मामला सामने आया है । यह सभी बच्चे गुरुवार सुबह करीब 6 बजे सम्प्रेषण ग्रह के बाथरूम का दरवाजा तोड़कर उसकी छत से होकर भागे हैं। फिलहाल कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर सभी की तलाश शुरू कर दी है,और बताया जा रहा है कि पुलिस को इस मामले में सुराग भी हाथ लगे हैं ।जिससे जल्द ही सभी को एक बार फिर से पकड़ लिया जाएगा ।

खंडवा नगर के हरसूद रोड़ स्थित बाल संप्रेषण गृह से एक बार फिर से छह बाल अपचारीयों के फरार होने का बड़ा मामला सामने आया है । इसके पूर्व भी तीन से चार बार यहां से इसी तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं । जिसके बाद आज फिर से हुई यह घटना से विभाग की सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर उदाहरण बनकर सामने आई है । घटना की सूचना मिलते ही मौके पर एडीएम केआर बडोले और सीएसपी अभिनव बारंगे ने पहुंचकर घटना की गम्भीरता और लापरवाही के कारणों की जांच की ।जिसके बाद घटना के समय तैनात होम गार्ड के दो जवानों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया गया है ।

बताया जा रहा है कि ये सभी 6 बाल अपचारी बाथरूम की दीवार तोड़कर भागे हैं ।पहले तो इन बाल अपचारियों ने सुधार ग्रह की बाथरूम की दीवार में छेद किया, जिससे बाहर निकलकर सुधार गृह की बाउंड्री वॉल कूदकर भाग गए । यह घटना सुबह करीब 6 बजे की बताई जा रही है । भागे बाल अपचारियों में पांच खरगोन जिले के और एक बुरहानपुर जिले का है ।घटना के बाद पुलिस ने भागे हुए बाल अपचारियों की सर्चिंग के लिए उनके घर,परिवार,रिश्तेदारों के घर टीम रवाना की है। वहीं मिली जानकारी के अनुसार, इनमें से 5 बाल अपचारी खरगोन में बालिकाओं से छेड़छाड़ और पॉस्को जैसी गंभीर धाराओं में आरोपित हैं। जबकि एक बुरहानपुर जिले का बालक गौवंश तस्करी के आरोप में संप्रेक्षण गृह में था ।

बता दें कि, करीब तीन माह पहले भी संप्रेषण गृह से पाँच बच्चे भाग गए थे। हालिया घटना में फरार हुए छह बालकों में पाँच खरगोन जिले के और एक बुरहानपुर क्षेत्र का है। हर बार बच्चों के भागने का तरीका लगभग समान है । वे बाथरूम की दीवार या खिड़की तोड़कर भाग निकलने में कामयाब हुए हैं ।इससे स्पष्ट है कि विभाग ने पहले की घटनाओं से कोई सबक नहीं लिया और सुरक्षा इंतजाम केवल कागजों पर सीमित हैं।

## यातायात नियमों की जानकारी हमें सुरक्षा और बचाव प्रदान करती है: देवेंद्र सिंह परिहार




नवभारत न्यूज

**खंडवा। श्री रायचंद नागड़ा उत्कृष्ट विद्यालय खंडवा में शासकीय जिला ग्रन्थालय खंडवा द्वारा आयोजित यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

इस अवसर पर यातायात निरीक्षक देवेंद्र सिंह परिहार ने कहा यातायात नियमों की जानकारी हमें सुरक्षा और बचाव प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति को यातायात के नियमो की जानकारी होनी चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को दो पहिया वाहन उपयोग करते समय हेलमेट लगाना चाहिए और कार का उपयोग करने पर सीट बेल्ट का उपयोग करना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्य है। कार्यक्रम में एडीपीसी रमसा संगीता सोनवाने ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को यातायात के नियमों का पालन करने को कहा। इस अवसर सूबेदार धर्मेंद्र सिंह गौर ने विद्यार्थियों को यातायात चिन्हों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर भी उन्होंने दिए। उन्होंने कहा कि यह सभी यातायात संकेतक अंतरास्ट्रीय मानक के बनाए गए है।

कार्यक्रम में संस्था के सुरक्षा ट्रेड के विद्यार्थियों के साथ प्रभारी वासुदेव पटेल उपस्थित हुए। उपस्थित अतिथियों को शासकीय जिला ग्रन्थालय खंडवा की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

संचालन संदीप जोशी ने किया तथा आभार प्राचार्य भूपेंद्र सिंह चौहान ने व्यक्त किया।

## एसडीएम खतेड़िया ने प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ अनुभव साझा किए



नवभारत न्यूज

**खण्डवा। मध्यप्रदेश प्रशासन अकादमी के 121वें फाउंडेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम के तीसरे दिन का शुभारंभ एसडीएम हरसूद आर.सी. खतेड़िया और एसडीओपी हरसूद लोकेन्द्र सिंह ठाकुर की उपस्थिति में हुआ। दोनों अधिकारियों ने प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद करते हुए अपने मैदानी अनुभव और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की।**

एसडीएम श्री खतेड़िया ने हरसूद अनुविभाग की सामाजिक एवं आर्थिक प्रोफ़ाइल,तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी साझा की।

एसडीओपी लोकेन्द्र सिंह ठाकुर ने कोरकू जनजाति के जीवन, संस्कृति, तथा अपने पहले पदस्थापना,चुनावी ड्यूटी और प्रशासनिक चुनौतियों से जुड़े अनुभव बताए।

सत्र के बाद सभी प्रशिक्षणार्थियों ने एसडीएम श्री खतेड़िया और एसडीओपी लोकेन्द्र सिंह ठाकुर के साथ एसडीएम कार्यालय, एसडीओपी कार्यालय, पुलिस थाना, महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय तथा अन्य प्रमुख शासकीय संस्थानों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों ने राजस्व और पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को नज़दीक से समझा,कार्यालयीन प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त की।

## बिना अनुमति के जुलूस,धरना व प्रदर्शन करने पर लगा प्रतिबंध

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋषव गुप्ता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी कर जिले में बिना अनुमति के धरना, प्रदर्शन व जुलूस कार्यक्रमों के आयोजनों पर प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश अनुसार आगामी 5 दिसम्बर तक हरसूद, पंधाना, मूंदी और ओंकारेश्वर नगरों की सीमा के भीतर कोई भी जुलूस बिना अनुमति के नहीं निकाला जा सकेगा। नगरीय क्षेत्रों में यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इन कार्यक्रमों से जन सामान्य को आवागमन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। किसी भी आयोजन से कम से कम 15 दिन पूर्व इसकी अनुमति के लिए आवेदन दिया जाना अनिवार्य होगा। जारी आदेशानुसार आयोजकों की यह जिम्मेदारी होगी कि वे जुलूस या रैली के दौरान मार्ग से निकलने वाले एम्बूलेंस, फायर ब्रिगेड, शासकीय वाहनों को मार्ग देकर वाहनों को निकालने में सहयोग करेंगे।

कलेक्टर श्री गुप्ता द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि रैली व जुलूस के आयोजकों को आवेदन में अपना मोबाईल नम्बर, फोटोग्राफ तथा रैली में शामिल होने वाले व्यक्तियों की संख्या भी देना होगी। रैली व जुलूस की अनुमति से पूर्व आयोजकों को शामिल होने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहनों की संख्या की जानकारी भी देना होगी। प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिए भी अनुमति लेना होगी। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग रात्रि 10 बजे के बाद करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। इसके साथ ही सार्वजनिक भवनों, खम्बों एवं सड़कों के आसपास झण्डे, बेनर, पोस्टर्स लगाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। रैली में शामिल वाहनों में ओवर लोडिंग की अनुमति नहीं दी जायेगी तथा इस तरह के कार्यक्रमों की वीडियोग्राफी भी अनिवार्यत: करानी होगी। जुलूस आयोजकों को अपने जुलूस की वीडियोग्राफी की व्यवस्था भी कराना होगी। यह वीडियोग्राफी पुलिस विभाग के निर्देशन में सम्पन्न होगी, जिसका व्यय जुलूस आयोजक को उठाना होगा। विभिन्न धर्मावलंबियों द्वारा आयोजित जुलुस, शोभायात्रा, धरना प्रदर्शन एवं आयोजनों में खण्डवा शहर को ''नो ड्रोन जोन'' घोषित किया गया है। आदेश का उलंघन करने पर संबंधित के विरूद्ध धारा 223 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

## महापौर ने किया पदम नगर उद्यान का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** नगर निगम प्रशासन द्वारा महापौर के मार्गदर्शन में लगातार हो रहा है शहर का विकास नगर में पानी की समस्या को दूर करने के लिए नर्मदा की नई पाइपलाइन का और अन्य कार्य तेज गति से किया जा रहे हैं वर्तमान समय में नई लाइन को जोड़ देने से पानी की समस्या का निदान हुआ है,बार-बार फूट रही पाइपलाइन से अब राहत प्राप्त हुई है और इसमें लगातार प्रगति की जा रही है, शहर में नई टंकियां के निर्माण के साथ ही सुक्त्ता पर फिल्टर प्लांट का कार्य भी तेज गति से किया जा रहा है ताकि शहर वासियों को शुद्ध जल प्राप्त हो सके।

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि शहर की जनता के एक स्थान पर निगम संबंधी कार्य संपन्न हो इस हेतु महापौर अमृता अमर यादव के प्रयासों से सिविल लाइन स्थित रंजीत होटल के सामने नगर निगम का आधुनिक नवीन कार्यालय निर्माण का कार्य प्रगति पर है। महालक्ष्मी मंदिर में सामाजिक धार्मिक आयोजनों के लिए भक्त निवास हेतु 35 लाख रुपए की स्वीकृति महापौर द्वारा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से करवाई गई। महापौर अमृता अमर यादव के प्रयासों से करोड़ों रुपए की राशि खंडवा की मुख्य सड़क मेडिकल चौराहे से जलेबी चौक तक जलेबी चौक से टाउन हॉल नगर निगम घंटाघर मुंबई बाजार रेलवे स्टेशन तक कांक्रीट सड़क निर्माण किया जाना है यह कार्य भी निगम प्रशासन द्वारा किया जाएगा। सुनील जैन ने बताया कि निगम प्रशासन खंडवा द्वारा नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के अंतर्गत गुरुवार को महापौर अमृता अमर यादव ने भैरव तालाब स्थित पदम नगर उद्यान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सिंधी समाज, एवं क्षेत्र के वरिष्ठजन एवं मातृ शक्तियों के साथ उद्यान मैं कमीयो को देखा। उद्यान में नागरिकों ने पाथवे,प्रकाश व्यवस्था, बच्चों के खेल उपकरण, हरियाली संवर्धन एवं पेयजल सुविधा से संबंधित सुझाव दिए।




इसको लेकर महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएं तथा गुणवत्ता और सौंदर्य दोनों पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे उद्यान क्षेत्रवासियों के लिए एक आकर्षक और सुरक्षित स्थल बन सके। इस घर पर महापौर अमृता अमर यादव ने कहा कि निगम प्रशासन तो अपने दायित्वों का निर्वहन करता ही है लेकिन स्वच्छता एवं ऐसे उद्यानों में आप सभी का सहयोग भी जरूरी है ताकि हम स्वच्छता में लगातार आगे बढ़ते रहे और हमारे उद्यान भी सुरक्षित रहें। उपस्थित समाजजनो एवं प्रतिनिधियों ने निगम के विकास प्रयासों की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उद्यान निरीक्षक के दौरान महापौर के साथ वार्ड पार्षद माला खटवानी रवि खटवानी गणेश गुरबाणी और समाजजन उपस्थित थे।

## अवैध शराब, गुंडे-बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई

**खंडवा।** जिले के विभिन्न थानों मे त्योहारों के मद्देनजर 31 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 24 प्रकरणों मे 28 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 01 प्रकरण मे 03 अनावेदक के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में 18 अनावेदक के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है ।पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन मे 10 गिरफ़्तारी,01 स्थाई, 25 जमानती वारंट, 87 समन जिले के विभिन्न थानों के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए।

अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना मोघट रोड के आरोपी नंदराम पिता भाईराम उम्र 50 साल निवासी देवलामाफी के कब्जे से 19 क्वाटर देशी प्लेन शराब की अवैध शराब कीमती करीबन 1710/- रु.की जप्त की गई। थाना पिपलोद के आरोपी बिहारी पिता प्रताप तडवी भील उम्र 42 साल निवासी ग्राम सालीढाना के कब्जे से 10 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की महुआ शराब कीमती 1000/-रु. की जप्त की गई। आरोपी दीपक पिता सुंदरलाल जायसवाल जाति कलाल उम्र 50 साल निवासी ग्राम बरार के कब्जे से 06 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की महुआ शराब कीमती 600 रू. की जप्त की गई। आरोपी हरि पिता धनजी निवासी ग्राम बलवाडा के कब्जे से 06 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की महुआ शराब कीमती 600 रू. की जप्त की गई। थाना धनगांव के आरोपी गोपाल पिता कचरिया निवासी कालमुखी के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब कीमती 1000/-रु.की जप्त की गई। थाना खालवा के आरोपी नितेश पिता रुपसिंह निवासी ग्राम नांदिया के कब्जे से देशी प्लेन मदिरा शराब कीमती 1350/-रु.की जप्त की गई। उक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

**कैंडल मार्च-श्रद्धांजलि** — छिंदवाड़ा में 16 मासूम बच्चों की मौत को लेकर कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च,गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष दी मासूम बच्चों को श्रद्धांजलि

## कैंडल मार्च के माध्यम से दी श्रद्धांजलि,स्वास्थ्य मंत्री के इस्तीफा की मांग

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** प्रदेश के छिंदवाडा जिले में विगत दिनों जहरीले कफ सिरप से 16 मासूम बच्चों की मौत हो गई है,और कई बच्चे गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मासूम बच्चों की मौतों पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए स्वयं घटना स्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों से भेंट कर उनके प्रति सांत्वना भी व्यक्त की है। बच्चों की इस दु:खद मौतों को लेकर गुरूवार को गांधी भवन से शाम 6.30 बजे केण्डल मार्च निकालते हुए स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ला के इस्तीफे की मांग की है।

जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि मध्यप्रदेश में जहरीली कफ सिरप से 19 बच्चों की मौत हो चुकी है। लेकिन सोचिए,इतने बड़े हादसे के बाद भी प्रधानमंत्री का कोई बयान नहीं आया, कोई शोक संदेश तक नहीं। जो व्यक्ति वोट माँगने के लिए बार-बार मध्यप्रदेश आ सकता है, वो 19 मासूमों की मौत पर चुप है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने आरोप लगाते हुए बताया कि बच्चों के दुखद निधन पर सिर्फ मोदी ही नहीं, कोई बड़ा बीजेपी नेता भी कुछ नहीं बोल रहा। न सिंधिया,न विजयवर्गीय,न शिवराज,न अमित शाह। सब खामोश हैं। क्यों? क्योंकि इन्हें पता है कि जनता अब सवाल नहीं पूछती। चाहे 19 बच्चे मरें या 1900, वोट तो इन्हें ही मिलेंगे ।ये जानते हैं कि लोगों को असली मुद्दों जैसे स्वास्थ्य,शिक्षा, दवा की गुणवत्ता आदि की जगह धर्म और नफरत के मुद्दों में उलझा दिया गया है ।मुख्यमंत्री तक का बयान शर्मनाक है ।मुख्यमंत्री मोहन यादव को 19 बच्चों की मौत पर चर्चा करना भी उन्हें समय की बर्बादी लगता है। राज्यपाल स्वागत समारोह में व्यस्त हैं, मोहन सरकार के मंत्री प्रेस कॉन्फ्रेंसों में, और बीजेपी नेता अगले चुनाव की तैयारी में। किसी को फर्क नहीं पड़ता कि 19 परिवारों के घरों में अब सन्नाटा है।




अब सवाल यह नहीं कि 19 बच्चे क्यों मरे। सवाल यह है कि हम इतने असंवेदनशील क्यों हो गए हैं? कब तक हम मौतों को 卐दुर्भाग्य卐 कहकर भूलते रहेंगे?

गांधी भवन से निकले कैंडल मार्च में वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ.मुनीश मिश्रा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी, हेमलता पालीवाल,सुनीता सकरगाये ,सुधा खान, रूपा कास्डे ,नूरजहां बी ,मीना वर्मा, कड़वा पटेल,सुनील आर्य, अजीज मदनी, राजू वडूर, संदीप सोनी,विकास व्यास, अजीम हासिम बाबा,प्रेमांशु जैन,असलम गौरी, शराफत खान,राजकुमार कैथवास, मनोज मंडलोई ,शब्बीर कादरी,देवेंद्र जैन,जगदीशचंद चौरे, सागर पवार,शहजाद पवार,यशवंत सिलावट, नासिर खान ,विशाल जैन, हन्नान खोकर,चंदन राजपूत,शोएब शाह,अब्दुल कादिर,गणेश सकरगाये,इमरान पटेल,अय्यूब लाला, निर्मल गीते, अक्षत अग्रवाल, इमरान गौरी,वामनराव जाधव, मेहमूद खान,देवेंद्र थिटे,विक्रम सहजवानी, अश्विनी चौहान सहित कांग्रेसजन मौजूद थे।



### पंधाना में केंडल मार्च

इस मामले में पंधाना में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह के नेतृत्व में केंडल मार्च निकालकर मासूम बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह के साथ रुपाली बारे,नूपुर जैन,मनोज भरतकर,नानकराम बड़वाहे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।